जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल द्वारा नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएँ) योजना, 2015 के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 17.09.2021 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी ।




उक्त बैठक मे माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर खण्डपीठ द्वारा रिट प्रीटिशन कमांक 1930/2020 मे पारित आदेश तथा नालसा की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएँ) योजना, 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रावधानो से अवगत कराया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा जनसाहस के समन्वय से न्यू दमोह बाईपास रोड के समीप नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएँ) योजना, 2015 के संबंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी, जनसाहस से पदाधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनसाहस संस्था के सहयोग से प्रवासी मजदूरों एवं गरीब वर्ग के व्यक्तियों को खाद्यान्न वितरण किया गया तथा उपस्थित आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, गरीबी उन्मूलन योजना, लोक अदालत के लाभ, मीडिएशन योजना, परिवाद विवाद समाधान केन्द्र एवं म0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा टीकाकरण शिविरों का आयोजन

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा वैक्सीनेशन सेंटर्स पर जाकर लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के संबंध में जानकारी दी तथा आमजन में वैक्सीन के प्रति भ्रांतियों को दूर कर लोगों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।




DLSA HOSHANGABAD




DLSA BETUL




DLSA SEHORE



DLSA CHHINDWARA



DLSA RAISEN




DLSA SHEOPUR

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स के सहयोग से दिनांक 17. 09.2021 को ग्राम उमरिया में टीकाकरण अभियान चलाया गया। जनजातीय क्षेत्र होने के कारण टीकाकरण के प्रति लोगों में भ्रम था। जिसे दूर कर उन्हें टोका लगाने हेतु प्रेरित किया गया। वृद्धजनों को टीका केन्द्र तक ले जाकर टीका लगवाया गया। ग्राम उमरिया से 04 अत्यंत निशक्त वृद्धजन को गाड़ी में बैठकर ग्राम बीड टीका केन्द्र ले जाकर टीका लगवाया गया। ग्राम के कुल 29 लोगों को टीका लगवाया गया।





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर



# Medical Camp....

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल द्वारा दिनांक 13.09.2021 को जिला अधिवक्ता संघ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल के संयुक्त तत्वाधान में जिला न्यायालय परिसर बैतूल में चिकित्सकोय टीम द्वारा नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 विषय पर मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण/सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।






उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल, न्यायिक अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं व न्यायालयीन कर्मचारियों सहित कुल 60 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 10 मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी सम्मिलित है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट द्वारा दिनांक 26.09.2021 को जिला पंचायत बगदरा के ग्राम पंचायत भवन में ''हम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य सह विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मध्यस्थता द्वारा विवादों के निराकरण के महत्व, महिलाओं के अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। हम फाउंडेशन के सदस्यगण द्वारा उपस्थित जनसमुदाय के स्वास्थ्य की जांच की जाकर उन्हें आवश्यक सलाह व दवाईयां वितरित की गई।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित विशिष्ट गतिविधियां

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर

### कोविड–19 से अपनों को खोने वाले 30 परिवारों को प्रदाय की गई राशन सामग्री

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2021 को युवा विकास मण्डल भोपाल के समन्वय से ए.डी.आर. सेंटर में कोविड–19 से पीड़ित परिवारों को राशन सामग्री वितरण करने एवं नालसा, सालसा व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कोविड–19 से पीड़ित उपस्थित परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कोविड–19 महामारी के कारण जिन परिवारों में आय अर्जित करने वाले व्यक्ति की क्षति हुई है उन परिवारों के लिए रोजगार के अवसर तलाशने, उनके बच्चों की शिक्षा आदि के लिये प्रशासनिक स्तर पर विधि अनुसार यथा संभव मदद दिलाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

उक्त शिविर के दौरान विशेष न्यायाधीश द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम व बालकों के महिलाओं से संबंधित प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदाय की।






## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल द्वारा आकाशवाणी केंद्र भोपाल के माध्यम से पोस्ट ऑफिस में लगाए गए इंनफोरमेंशन डिस्प्लेय बोर्ड के संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल द्वारा जानकारी दी गई साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में भी जानकारी आकाशवाणी केंद्र के माध्यम से दी गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल द्वारा ग्राम दामजीपुरा तहसील भैंसदेही जिला बैतूल में दिनांक 12.09.2021 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त रक्तदान शिविर में ग्रामवासियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल के पैरालीगल वॉलेंटियर तथा अन्य व्यक्तियों व महिलाओं द्वारा आगे आकर रक्तदान किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में 27 पुरूष एवं 03 महिलाओं कुल 30 व्यक्तियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। उक्त रक्तदान में कुल 30 यूनिट रक्त जमा किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र भी वितरित किये गये।





## नालसा लीगल सर्विस एप का प्रचार-प्रसार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल द्वारा नालसा लीगल सर्विस एप के संबंध में पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से आम जन को जागरूक किया गया साथ ही इस एप को इंस्टाल करवाया जाकर एप के माध्यम से किस प्रकार आवेदन किया जा सकता है इस संबंध में जानकारी भी दी गई।






नालसा लीगल सर्विस एप के संबंध जानकारी प्रदान करते हुए पैरालीगल वॉलेंटियर्स

# Compensation to Victims....

## District Legal Services Authority, Jabalpur

### Compensation of More than 14 lakh awarded under Victim Compensation Scheme

Jabalpur Dlsa has taken prominent steps for providing compensation to the victims under MP Victim Compensation Scheme, 2015 . The Committee comprising District Collector, SP and others presided by the Principal District and Sessions Judge has awarded total amount of Rs 14,32,500 as compensation to victims in 08 cases.



- Masks will be mandatory for all children, teachers and staff.
- Bus and school premises will be sanitised.
- There will be no gathering for morning prayers.
- Children will not gather at one place during lunch time.
- Children will have to follow a six-feet distance as the school ends.
- Children will be admitted to the school with the consent of the parents.

...tic response to JSCL's cycle rally

Senior officials of various institutions, students and volunteers participating in the cycle rally.

On the occasion, Arjun Awardee Madhu Yadav was also present. A number of cyclists enthusiastically participated in the rally conducted under the #Cycle4Change campaign run by the Government of India.

In this rally, Assistant Commissioner Sambhav Ayachi, Ankur Khare, Balendra Shukla, Abhishek Dubey, Seija Sulere, Gajendra Singh, Yogesh Bhalerao, Sunil Namdev and members of Smart City and Food Safety (Contd on page 2)

...certificate matter of IAS officer

the respondent, they deem it proper to dispose of the writ petition with a direction to the Collector (Administrator), Burhanpur, to consider and decide the representation of the petitioner within a period of four weeks, the division bench said in the order.

**More than 14 lakh ...ayed under Victim Compensation Scheme by DLSA**

JABALPUR DLSA has taken prominent steps for providing compensation to the victims of different criminal cases under MP Victim Compensation Scheme, 2015. The Committee, comprising District Collector Karanveer Sharma, SP Siddharth Bahuguna and others, presided by the Principal District and Sessions Judge Naveen Kumar Saxena, has approved total amount of Rs 14,32,500 as compensation to such victims.

Manish Singh Thakur, Secretary of the District Legal Services Authority Jabalpur informed that as many as eight cases were placed before the committee, in which total amount of Rs 14,32,500 compensation was approved by the committee.

In the cases, compensation amount is sanctioned because the bread earners of their families were murdered and trial court had recommended to provide appropriate compensation. Cases regarding the victims of sexual assault had also been considered, in which about six lakh rupees approved to provide as compensation to the prosecutrix of that crimes.

Committee members examining documents to approve aid under MP Victim Compensation Scheme.

# Camps for Women

## District Legal Services Authority, Jabalpur

### Legal Literacy Camp Held at One Stop Center




A legal literacy camp was organized at One Stop Center Jabalpur by District Legal Services Authority, Jabalpur.

In said programme various informations regarding women's rights, different provisions of free legal Services and entitlement under the victim compensation scheme, etc. given to the public. Specifically information regarding NALSA legal Services mobile app, which has been launched by National Legal Services Authority, New Delhi, was also given on this occasion. Secretary , District Legal Aid Officer, Administrator of One Stop Center along with the officials and other women were present.




## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा दिनांक 13.09.2021 को वन स्टॉप सेंटर बैतूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर के दौरान वहाँ उपस्थित पक्षकारों को समझाईश दी गई कि वह आपसी विवाद को खत्म कर खुशी से अपने घर जाये और न्यायालयीन प्रक्रिया से बचे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट द्वारा दिनांक 24.09.2021 को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के अंतर्गत कलेक्टट सभागार, बालाघाट में व्यंजन प्रतियोगिता समारोह के साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,इंदौर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा दिनांक 22/09/2021 को वन स्टॉप सेन्टर, इन्दौर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेन्टर में 03 महिलाएँ एवं उनके 03 बच्चे उनके साथ निवासरत मिले।

उक्त निरीक्षण उपरांत सचिव, जिला प्राधिकरण द्वारा घर से भाग कर आई आश्रयरत एक महिला व उसके पति तथा एक अन्य महिला की काउंसलिंग भी की गई तथा उन्हें न्यायालय में मामला चलाने हेतु आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई एवं वन स्टॉप सेन्टर प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।



s

DLSA DEWAS



DLSA SHAHDOL




DLSA SHIVPURI

# ट्रांसजेण्डर समुदाय के हितार्थ शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल द्वारा दिनांक 14.09.2021 को ट्रांसजेन्डरों के लिये विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैत्ल, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा पी.एल.व्ही की उपस्थिति में बैतूल शहर के सभी ट्रांसजेन्डरो के वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं ट्रांसजेन्डर कार्ड बनाये जाने के संबंध में ए.डी.आर. भवन जिला बैतूल के सभाकक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ट्रांसजेन्डरो से उनके वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं ट्रांसजेन्डर कार्ड बने है अथवा नही पुछे जाने पर अधिकांश ट्रांसजेन्डरो द्वारा कोई भी दस्तावेज नही होना बताया गया। इस संबंध में तहसीलदार बैतूल से तत्काल दूरभाष पर चर्चा की गई एवं सभी ट्रांसजेन्डरों के उक्त दस्तावेजों को बनाये जाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक पत्राचार किया गया। उक्त कार्य के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल पैरालीगल वॉलेटियर को नियुक्त किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 13–09–2021 को नगर निगम एवं सामाजिक न्याय विभाग देवास के समन्वय से एडीआर सेंटर देवास नगर निगम सीमा में निवासरत ट्रांसजेंडर के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियो को उनके अधिकारों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार 07 ट्रांसजेंडर व्यक्तियो के पहचान पत्र, राशन प्राप्त करने हेतु पात्रता पर्ची आदि जिला कलेक्टर के समन्वय से बनवाए जाकर वितरित भी किए गए एवं ट्रांसजेंडर एक्ट भी वितरित किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उनके अधिकारो एवं नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उक्त कार्यक्रम उपरांत उपस्थित ट्रांसजेंडर व्यक्तियो को पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा वितरण किया जाकर।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर

1. ट्रांसजेंडर के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके पहचान संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण हेतु समस्त पैरालीगल वालेंटियरर्स के साथ ऑनलाइन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया



2. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा जिले जबलपुर में निवासरत ट्रांसजेंडर के घर–घर जाकर पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड बनाये जाने के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन

माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश जबलपुर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 10027/21, नूरी विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य तथा अन्य में पारित आदेश दिनांक 16.08.21 में दिए गए दिशा निर्देशों तथा इस संबंध में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देश के पालन हेतु जिला रायसेन में ट्रांसजेंडर्स का सर्वे करने और उनके परिचय पत्र, ट्रांसजेंडर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि बनवाने में मदद करने के उद्देश्य से ट्रांसजेंडर गुरु करीना के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा दिनांक 28.08.2021 को एडीआर भवन रायसेन में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में इस काम के लिए नामित पैरा लीगल वॉलेंटियर भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला रायसेन के समस्त किन्नरों का सर्वे कराकर माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन में उनके समस्त प्रकार के कार्ड तैयार करने की योजना पर विचार किया गया। बैठक में जिज्ञासा एनजीओ संस्थान के संचालक उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा द्वारा एडीआर भवन रीवा में ट्रांसजेंडरो हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा ने अपने वक्तव्य में ट्रांसजेंडरों के अधिकार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को वो सभी न्यायिक एवं संवैधानिक अधिकार प्राप्त है जो देश के आम नागरिकों को प्राप्त है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ट्रांसजेंडर के अधिकार संरक्षण कानून 2019 के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि उनके साथ समाज में किसी भी तरह का लिंगभेद अपराध की श्रेणी में आता है और विधिविरूद्ध है। उन्होंने कहा कि उनके भी मानवाधिकार सामान्य नर एवं नारियों के समान ही है। इस अधिनियम में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण की दिशा में एक मजबूत कार्य कार्यप्रणाली उपलब्ध कराने के प्रावधान शामिल किए गए है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने निःशुल्क विधिक सहायता व नालसा व सालसा की योजना को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शिविर में रीवा के ट्रांसजेड़र समुदाय के लोग उपस्थित थे।


ट्रांसजेंडरों के साथ भेदभाव किया जाना गैर कानूनी है

ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को दी विधिक जानकारी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल



मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी WP 10027 –2021 के निर्देशों का पालन करते हुए भोपाल जिले में निवास करने वाले समस्त ट्रांसजेंडर का परिचय पत्र, ट्रांसजेंडर कार्ड, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाए जाने हेतु भोपाल की पी. एल. वी ट्रांसजेंडर संजना सिंह एवं जूली मंगलवारा के साथ बैठक आयोजित की उक्त बैठक में संजना सिंह पीएल वी को यह निर्देशित किया गया कि भोपाल जिले के समस्त ट्रांसजेंडर के नाम आयु पता एवं मोबाइल नंबर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे उनके ट्रांसजेंडर कार्ड, परिचय पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाए जा सके ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर द्वारा ए.डी.आर. सेंटर भवन में नगरपालिका सीमाक्षेत्र में निवासरत ट्रांसजेण्डर के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



उक्त शिविर में ट्रांसजेण्डर को उनके अधिकारों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं उनके ट्रांसजेण्डर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाये जाने के संबंध में जागरूक किया एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए ट्रांसजेण्डर के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम की छायाप्रति भी प्रदान की गई एवं नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उक्त शिविर में पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्हें पौधे भी वितरित किए गए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा द्वारा दिनांक 15 सितंबर 2021 ट्रांसजेंडरों के हित के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ट्रांसजेंडरों के वोटर आई कार्ड, आधार कार्ड, ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड और रा" ान कार्ड के अलावा उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई। उक्त शिविर में 20 ट्रांसजेंडर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए, उनके द्वारा बताया गया कि जो भी ट्रांसजेंडर भाासन की सुविधा से वंचित है या उनके पास के कार्ड नही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार उपलब्ध कराया जावेगा।

# नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाएं) योजना, 2015

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम द्वारा दिनांक 21.09.2021 को मिशनरी ऑफ चैरिटी निर्मला भवन, काटजू नगर रतलाम में नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर सह निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मानसिक रूप से पीड़ित असहाय व्यक्तियों के स्वास्थ्य, भोजन, रहन–सहन, साफ–सफाई के संबंध में जानकारी ली गई एवं रहने एवं खाने–पीने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर योग्य निर्देश प्रदान किए गए।

शिविर के दौरान मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तिया के चिकित्सीय अधिकार के बारे में बताया गया एवं मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 के प्रावधानों के बारे में तथा विधिक सेवा से संबंधित मोबाईल एप्लीकेशन के बारे में संस्था के कर्मचारीगण को अवगत कराया गया। इस असवर पर सभी मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों को फल भी वितरित किये गये। उक्त शिविर से लगभग 40 व्यक्ति लाभांवित हुए।






**DLSA DATIA**





# Glimpses of Awareness Camps
























समन्वय बैठक




नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम


लीगल एड क्लीनिक




नेत्रदान को अपने परिवार की परम्परा बनाईयें
मरणोपरांत नेत्रदान करवायें
नेत्रदान - पखवाड़ा
25 अगस्त से 8 सितम्बर तक
नेत्रदान - पखवाड़ा
25 अगस्त से 8 सितम्बर तक


विधिक साक्षरता शिविर
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

## Camps for Senior citizens under NALSA Scheme


















विधिक साक्षरता शिविर


विधिक साक्षरता
एवं जागरुकता शिविर
LEGAL LITERACY AND AWARENESS CAMP
आशाधाम
(वृद्धाश्रम)





# विधिक साक्षरता कार्यक्रम
# हिन्दी दिवस
## (15.09.2021)

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा दिनांक 15.09.2021 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट में विधिक जागरूकता शिविर के साथ हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के समन्वय से हिंदी लेखन एवं रामचरितमानस के सस्वर पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी के महत्व, संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य के संबंध में बताया गया, इसके अतिरिक्त नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यालय में विधिक जागरूकता के साथ–साथ आयोजित शुद्ध लेखन एवं गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह द्वारा दिनांक 14.09.2021 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर विधिक जागरूकता शिविर एवं पंच–ज



अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में कराया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति, शिक्षकगण एवं समस्त छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। छात्रों को हिंदी के इतिहास एवं महत्व, पॉक्सो एक्ट, गुड टच/बेड टच आदि के बारे में जानकारी दी गई।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा दिनांक 14–09–2021 को उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर एवं उत्कृष्ट विद्यालय में गठित विधिक साक्षरता क्लब के माध्यम से हिन्दी दिवस के अवसर पर तात्कालिक भाषण, श्रुत लेख काव्यपाठ, मुहावरा अभिव्यक्ति, पद/दोहा गायन एवं स्वरचित कविता एवं कहानी प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से समस्त छात्र छात्राओं को पेन वितरण किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर मंगलयत्न विश्वविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,खण्डवा द्वारा दिनांक 14.09.2021 को अध्यक्ष, सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी की उपयोगिता, हिन्दी साहित्य संवाद एवं गोष्टी कार्यक्रम व नालसा एप व विधिक सेवा योजना आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।




## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर द्वारा दिनांक 14.09.2021 को जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में हिन्दी दिवस के अवसर पर महात्मागांधी शासकीय स्कूल मण्डलेश्वर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा के गौरवशाली इतिहास तथा महत्व को बताते हुये अन्य विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षकगण, पैरालीगल वालेंटीयर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहें।

# विधिक साक्षरता कार्यक्रम शिक्षक दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (05.09.2021—08.09.2021)

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास के द्वारा जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में कोविड–19 गाईड लाइन का पालन करते हुए दिनांक 05–09–2021 को शिक्षक दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय नराना में किया गया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,खंडवा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा द्वारा दिनांक 05.09.2021 को सचिव एव जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में शिक्षक दिवस के अवसर पर बालकों के अधिकार, शिक्षा का महत्व ,भारत का अमृत महोत्सव, नालसा की योजना आदि के संबंध में अम्बेडकर कोंचिंग सेंटर, गणेश तलाई, जिला खण्डवा म0प्र0 में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी द्वारा दिनांक **08.09.2021** को शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी में **अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस** के अवसर पर सचिव, जिला विधिक सहायता अधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

उक्त अवसर पर बच्चों को उनके मूल अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित होने वाली योजनाओं तथा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के बारे में जानकारी दी गई।

# सफलता की कहानी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार

''डंपिंग ग्राउण्ड मनावर के सुधार हेतु की गई अनूठी पहल ''

विगत कई दिनों से जिला धार की तहसील मनावर स्थित डंपिग ग्राउण्ड की अव्यवस्था से संबंधित जिला प्राधिकरण धार को मौखिक शिकायतें/आवेदन प्राप्त हो रहे है। इसको गम्भीरता से लेते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा मनावर क्षेत्र के स्थानीय पीएलवी को डंपिग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देशित किया गया। जिसके पालन में दिनांक 26.07.21 को पीएलवी द्वारा डंपिग ग्राउण्ड के मौका स्थल पर जाकर मुआवना किया गया।



प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ्स का अवलोकन करने पर मानवीयता को शर्मशार कर देने वाल, आत्मविभोर कर देने वाले दृश्य सामने आये हैं जहां दो वक्त की रोजी–रोटी जुटाने के लिए पालकगण स्वयं व अपने छोटे–छोटे बच्चों का जीवन एवं स्वास्थ्य को दाव पर लगाकर मेहनत–मुशक्कत करते दिखे।

सचिव उक्त प्रतिवेदन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुये संबंधित विभागो को उक्त संबंध में अविलंब आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

परिणामतः दिनांक 11.08.2021 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर द्वारा उक्त डंपिंग ग्राउण्ड स्थल के रहवासियों एवं बच्चों की समस्याओं को विवेचना में लेते हुए उचित कार्यवाही किये जाने हेतु निम्न प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मलित करते हुए दल का गठन किया गया:–

1. नायब तहसीलदार, वृत्त सिंघाना तहसील मनावर।
2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मनावर।
3. मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनावर।
4. परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मनावर



जिला प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित किया गया है कि उक्त डंपिंग ग्राउण्ड पर अपने जीविकोपार्जन हेतु निर्भर परिवार के सदस्यों को उचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध हो साथ ही बच्चों की शिक्षा पूर्ण हो इसके साथ ही डंपिग ग्राउण्ड में विचरण करने वाले मवेशियों को भी प्लास्टिक, पन्नी, मेडिकल वेस्ट आदि के खाने से बचाये जा सके एवं उन्हें किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए स्थानीय पीएलवी श्री रवि उजले एवं श्रीमती शशि पवार को नियमित अन्तराल से डंपिंग ग्राउण्ड व आस–पास की बस्तियों का निरीक्षण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के अध्यक्ष अपने गृह नगर जबलपुर में भ्रमण के दौरान एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति दिखाई दिया, जो कि नग्न अवस्था में रेयान इंटरनेशनल स्कूल के पास था जिसके संबंध में उनके द्वारा विक्षिप्त व्यक्ति के उपचार एवं पुनर्वास हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर को सूचित किया गया तदुपरांत सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तत्काल रेस्क्यू करवाया जाकर उक्त व्यक्ति को मोक्ष संस्था, मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द किया गया।





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा अल्पावधि महिला आश्रम मण्डला में दिनांक 20.09.2021 को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में **सचिव** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सरस्वति धुर्वे नाम की महिला मिली जो कि मानसिक तौर पर पूर्णतः स्वस्थ्य नहीं थी एवं लगभग 06 माह से अल्पावधि महिला आश्रम में रह रही थी तथा अपने परिवार के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा काफी देर तक बातचीत की गई तब उसने अपने सिर्फ गॉव का नाम बताया जिसके प” चात् संबंधित तहसोल के न्यायिक मजिस्टट से संपर्क कर उस गॉव के सरपंच को बुलाया गया जिसके प” चात् उस महिला के परिवार का पता लगाया जाकर दिनांक 22.09.2021 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से उस महिला को उसके पिता एवं ग्राम सरपंच को सुपुर्द किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल द्वारा लीगल एड क्लीनिक जिला चिकित्सालय में पीएलवी द्वारा यह अवगत कराया गया कि राकेश सिंह गोड़ नामक व्यक्ति जो मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। जिसकी सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था। उसका उपचार विगत 1 वर्ष से चल रहा था लेकिन उसका पैर ठीक नहीं हुआ, तथा उसकी पत्नी भी उसे छोड़ कर चली गई एवं उसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं था। उसकी परिस्थितियों को देखते हुए पीएलव्ही द्वारा उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल में लेकर उपस्थित हुई। और उसकी समस्या से अवगत कराया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के निर्देशानुसार उसके उचित उपचार हेतु जबलपुर रेफर करवाया जाकर उसका सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन करवाया गया तथा उसे आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 5000 की राशि भी दिलवाने में सहयोग किया गया जिससे अब वह व्यक्ति स्वस्थ होकर किराने की दुकान खोलकर अपना जीवनयापन खुशी–खुशी कर रहा है।

# Resolution Of Complaint Received Through Legal Aid Helpline- 15100

| Legal Issues | Non Legal Issues | Total |
|---|---|---|
| 44 | 08 | 52 |

# नेशनल लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय की समझाईश पर बुजुर्ग दंपत्ति साथ रहने को हुए तैयार

# नेशनल लोक अदालत में 2399 प्रकरणों में से 168 का हुआ निराकरण

LOK ADALAT

# Judge hears testimony over phone in Family Court

COUPLE GIVE MARRIAGE ANOTHER SHOT

LOK ADALAT AT DISTRICT COURT

29.26% CASES SETTLED IN HIGH COURT

FE TAKES BACK NTENANCE CASE

# लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने पर ना किसी पक्षकार की जीत होती है और ना किसी की हार : मो. सईदुल अबरार

हरिभूमि

भोपाल - सीहोर भूमि 12 Sep 2021

आष्टा न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन

# नेशनल लोक अदालत में 26 वर्षों से बिछड़े बुजुर्ग दंपती फिर हुए एक, खुशी-खुशी अपने घर लौटे

# 'ऋषि' बने जज, तलाक लेने आए जोड़ों का बसाया घर

पुनर्मिलाप ● सुलह कराने के बाद बोले खजराना मंदिर जाकर नए जीवन के लिए लें आशीर्वाद

18 दंपती फिर हुए एक

12 प्रकरणों का निराकरण, अवार्ड पारित

# निपटे 529 मामले, पौने दो करोड़ रुपये से अधिक अवार्ड पारित

हरदा

नेशनल लोक अदालत में निपटे कई प्रकरण

# सालों के बाद बिछड़े परिवार मिले परेशान माता पिता को मिली राहत

माता-पिता को मिलेगी क्षतिपूर्ति

3.33 करोड़ का संव्यवहार

पुलिस लाइन में भी निपटे प्रकरण

नेशनल लोक अदालत में समझाइश के बाद कई परिवारों में हुआ समझौता

# आखिर शंका की दीवार टूटी, छह माह बाद खुशी-खुशी दंपती लौटे घर

दमोह भास्कर

# नेशनल लोक अदालत: 24 सौ से अधिक लोगों को मिला लाभ, 4.75 करोड़ के अवार्ड हुए पारित

न्यायालयों में लंबित प्रकरण, प्रिलिटिगेशन मामलों की ही हुई सुनवाई

कपनी व पक्षकार के मध्य हुआ 47 लाख का समझौता

बीते साल हम प्रदेश में नंबर 1 पर थे: प्रिंसिपल जज

# न्यायाधीश ने पक्षकारों को चाय पिलाकर कराया मामलों का निराकरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से मिल रहा लोगों को लाभ

बीमा कंपनियों के लगभग 15 प्रकरणों पर निराकरण की बनी सहमति

नेशनल लोक अदालत में निपटे कई प्रकरण

सालों के बाद बिछड़े परिवार मिले परेशान माता पिता को मिली राहत

माता-पिता को मिलेगी क्षतिपूर्ति

3.33 करोड़ का संव्यवहार

पुलिस लाइन में भी निपटे प्रकरण

नेशनल लोक अदालत में समझाइश के बाद कई परिवारों में हुआ समझौता

आखिर शंका की दीवार टूटी, छह माह बाद खुशी-खुशी दंपती लौटे घर

दैनिक भास्कर गुना भास्कर 12-09-2021

लोक अदालत- एनएफएल, दिल्ली की कंपनी में 1987 से चल रहा था लेन-देन विवाद

# 34 साल में सुप्रीम कोर्ट में भी न सुलझे मामले में सुलह

सड़क हादसे में मृत रेलवे कर्मचारी के परिजनों को 40 लाख क्षतिपूर्ति

नेशनल लोक अदालत

# राजीनामा से सैकड़ों प्रकरणों का हुआ निराकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

कुक्षी में लोक अदालत में निपटे 64 लाख रु. से अधिक के मामले | लोक अदालत में आपसी सहमति से 18 झुए प्रकरणों का निराकरण | दिवस में नेशनल लोक अदालत में समझौते से सुलझे प्रकरण | अलग रह रहे पति-पत्नी लोक अदालत के माध्यम से हुए एक

# तीन करोड़ 38 लाख 47 हजार 690 समझौता राशि के अवार्ड पारित हुए

508 प्रकरणों में आपसी सुलह से हुआ निराकरण

ये रहे उपस्थित

नेशनल लोक अदालत

# जिलें में 3580, उच्च न्यायालय में 412 प्रकरण निराकृत

73 करोड़ के वसूली के आदेश पारित

दैनिक भास्कर गुना भास्कर 12-09-2021

# 9 साल से बिछड़े परिवार को लोक अदालत ने मिलवाया

दैनिक भास्कर झाबुआ 12-09-2021

लोक अदालत - आलीराजपुर व जोबट न्यायालय में हुआ नेशनल लोक अदालत का आ

# 361 प्रकरणों का निराकरण, समझौते पर दिया न्याय

दैनिक भास्कर भोपाल 12-09-2021

नेशनल लोक अदालत • 63 खंडपीठ में 30 हजार से ज्यादा प्रकरण रखे, इनमें से 7623 का निराकरण

# घर का बाथरूम ठीक नहीं होने के कारण पत्नी 4 साल से रह रही थी अलग, पति ने रिनोवेशन कराया तब लौटकर आई

शादी के 6 महीने बाद होने लगा था पत्नी से विवाद, अब सुलझा

नेशनल लोक अदालत • 561 न्यायालयीन मामलों का हुआ निराकरण

# गिले शिकवे भूलकर 28 दंपती फिर से हुए एक

दैनिक भास्कर गुना भास्कर 12-09-2021

लोक अदालत- एनएफएल, दिल्ली की कंपनी में 1987 से चल रहा था लेन-देन विवाद

34 साल में सुप्रीम कोर्ट में भी न सुलझे मामले में सुलह

सड़क हादसे में मृत रेलवे कर्मचारी के परिजनों को 40 लाख क्षतिपूर्ति

दैनिक भास्कर टीकमगढ़ भास्कर 12-09-2021

टीकमगढ़

नेशनल लोक अदालत • पति-पत्नी का समझौता कराकर न्यायाधीशों ने साथ भेजा घर

# 2 करोड़ 84 लाख के अवार्ड पारित, 780 लंबित प्रकरणों का किया समाधान

पति-पत्नी के गिले शिकवे किए दूर

जतारा में 35 लंबित प्रकरणों का निराकरण

लोक अदालत में निपटाए गए 1607 प्रकरण

# आपसी सुलह में 9 करोड़ 76 लाख 45 हजार रुपए के अवार्ड पारित

जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

इन मामलों में पारित हुआ अवार्ड

दैनिक भास्कर अशोकनगर 12-09-2021

नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामे से हुआ प्रकरणों का निराकरण

# 22 खंडपीठ में 798 मामलों का हुआ निराकरण, 1267 लोग हुए लाभान्वित

2 करोड़ 25 लाख 66 हजार 721 रु. अवार्ड पारित



18 साल से चल रहे विवाद का निराकरण

कुटुम्ब न्यायालय के 5 मामलों का निराकरण

दैनिक भास्कर नीमच 12-09-2021

नीमच

लोक अदालत • 16 खंडपीठों में 449 लंबित व 839 प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों का निराकरण

# धोखाधड़ी की शिकार 21 महिलाओं को 5 साल बाद अपने 35-35 हजार रुपए मिले



इन प्रमुख मामलों से समझें किस तरह मिला न्याय

दैनिक भास्कर खंडवा भास्कर 09-09-2021

# न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रचार रथ

# बच्चों का भविष्य और कोरोना की विभीषिका देख फिर आए साथ

177 केस का सहमति से हुआ निराकरण

जज बोले- बेटी को आइसक्रीम खिलाओ, अब कोर्ट मत आना



जिला कोर्ट में 3500 केसों का निराकरण

शराब न पीने की खाई कसम

हाई कोर्ट: 412 केसों में 2.55 करोड़ की अवॉर्ड राशि

53 लाख की क्षतिपूर्ति

# लोक अदालत में 27 खंडपीठ गठित की, पांच हजार से अधिक प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाण्डेय प्रेस क्लब के आयोजन में हुए सम्मिलित, कलेक्टर व एसपी को दी बिदाई



कलेक्टर श्री गुप्ता व एसपी श्री पौसरी का किया विदाई सम्मान

# तीन करोड़ 38 लाख 47 हजार 690 समझौता राशि के अवार्ड पारित हुए



508 प्रकरणों में आपसी सुलह से हुआ निराकरण

दो हजार से अधिक...

सुलह से 1470 प्रकरणों का समाधान हुआ है। वहीं इन प्रकरणों में तीन करोड़ 38 लाख 47 हजार 690 राशि के अवार्ड पारित किए गए हैं।

नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में कुल 28 खंडपीठ में का गठन किया गया था जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अचल कुमार

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर, विशेष न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री उपेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री अतुल वर्मा, समस्त न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रदीप सिंह ठाकुर सहित न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आज संपन्न हुई नेशनल लोक अदालत में न्यायिक न्यायालय के 2882 प्रकरण तथा प्री लिटिगेशन के 8008 प्रकरण निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। जिसमें से न्यायिक न्यायालय के 962 प्रकरण तथा प्रीलिटिगेशन के 508 प्रकरणों में दोनों पक्षों की आपसी सुलह से निराकरण हुआ है।

नेशनल लोक अदालत

# जिला न्यायालय में 73 करोड़ तो वहीं उच्च न्यायालय में 2.55 करोड़ के अवार्ड पारित

न्यायाधीश दिखे प्रशि की भूमिका में, दो जोड़ों को बिछड़ने से बचाया



दैनिक भास्कर सागर 12-09-2021

नेशनल लोक अदालत • दुर्घटना दावा प्रकरणों में 3 करोड़ 49 लाख क्षतिपूर्ति राशि दिलाई

# पैतृक संपत्ति पर हक के लिए बहन ने भाई के खिलाफ लगाया था केस, 21 साल बाद सुलह



# स्कूलों में बच्चों को दिखाई जाएगी लघु फिल्म उड़ने दो



अधिकारियों की बैठक लेते विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव।

## » विधिक सेवा प्राधिकरण ने ली बैठक, हाईकोर्ट के निर्देशों की दी जानकारी

भास्कर न्यूज | कटनी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी कार्यालय में श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार नोटिया ने की। जिसमें श्री नोटिया ने अधिकारियों को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा एमसीआरसी नं. 7070/2021 रवि अहिरवार बनाम मध्यप्रदेश शासन में जारी दिशा-निर्देश के अनुपालन की जानकारी दी। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी अधिकारियों को लघु फिल्म उड़ने दो का स्कूल एवं अन्य संस्थानों में जागरूकता शिविरों में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराए जाने एवं संपूर्ण जिले में अधिक से अधिक बच्चों को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जागरूक किए जाने के लिए रूपरेखा तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने सभी अधिकारियों से बच्चों के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुये ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की की अपील की।

दैनिक भास्कर Sun, 19 September 2021 https://epaper.bhaskarhindi.com/c/63322

# विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



रीवा (नव स्वदेश)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आर.सी. वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में बाल सम्प्रेषण गृह एवं हरि बाल गृह में नालसा बालकों हेतु विधिक सेवा योजना एवं नशा पीड़ितो को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवा योजना के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विपिन कुमार लवानिया ने नशे से बचाव एवं उसके दुष्प्रभाव के संबंध में कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे हमारा तन, मन व धन दुष्प्रभावित होता है और नशा ही तमाम अपराधों का कारण है। इससे हमें बचना है और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश श्री मुकेश यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ अपने कानूनी अधिकारों को जानने की भी आवश्यकता है, ताकि कोई व्यक्ति हमारे अधिकारों का हनन न कर सके इसलिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाता है। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट सुश्री ऊषा उइके ने भी किशोर न्याय अधिनियम पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सेवा योजना एवं नालसा-सालसा की अन्य योजनाओं के बारें में उपस्थित किशोरों को जानकारी प्रदान दी। इस अवसर पर न्यायाधीशों ने बाल सम्प्रेषण गृह एवं हरि बाल गृह के अधिकारी व कर्मचारियों से संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। बालको की बेहतर तरीके से देखभाल करने व पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन दिये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देशों प्रदान किए गए।



# स्लम बस्ती में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

मनावर, (निप्र)। तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण पेरा लीगल वॉयलेटियर रवि कुमार उजले, शशि पंवार के द्वारा मनावर डंपिंग ग्राउंड व स्लम बस्ती मे जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे वॉयलेटियर द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, शिक्षा के प्रति जागरूक, तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है इस कार्यक्रम मे वॉयलेटियर के द्वारा डंपिंग ग्राउण्ड मे लोगों को मास्क वितरित किए गए तथा उन्हे स्वच्छता एवं साफ सफाई का ध्यान रखने के लिए समझाइश दी गई। जो बच्चे डंपिंग ग्राउंड मे कार्यरत है उन बच्चों के परिवार को शिक्षा एंव स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया तथा बताया कि बच्चों को कचरा बीनने के लिए अपने साथ नहीं लाए। परिवार के द्वारा बताया गया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठिक नही होने के कारण भंगार एवं कचरा बीनने का काम कर रहे है। बचों द्वारा बताया कि वे अपने परिवार की अर्थिक मदद करना चाहते हे, और अभी स्कूल नहीं लग रहे है। पश्चात एक एसे परिवार भी मिला गया जो कि कचरे के मेदान मे ही रहते हैं परिवार के सदस्यों से चर्चा की गई उनके द्वारा बताया कि अर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है रहने के लिए घर भी नहीं है इसलिए वह बच्चों के साथ वह कचरे के मेदान मे रह कर अपना जीवन व्यतित कर रहे हे। पश्चात जेलपुरा बस्ती मे लोगों से मिलकर सामुहिक चर्चा की व लोगों को कोरोना की तीसरी लहर आने के बारे मे बताया व टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी गई इसी के साथ जो व्यक्ती नशा छोड़ना चाहते है उनकी काउंसलिंग की गई और एसे बच्चे पाए गए जो अनाथ है व शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम है कुछ बच्चे नशा करते हुए भी पाए गए तथा एक व्यक्ति ऐसा पाया गया जो कि मानसिक रूप से पीड़ित हैं जिसकी मदद गाव के रहवासियों के (समुदाय) के द्वारा की जा रही हैं इस जागरूक कार्यक्रम मे कुछ लोगों ने बताया कि बेरोजगार व नोकरी नहीं के कारण लोग कचरा बीनने पर मजबूर है।

# शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार

## » मॉडल स्कूल झिंझरी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



माडल स्कूल झिंझरी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर।

भास्कर न्यूज | कटनी

शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश दिनेश कुमार नोटिया ने उपस्थित बच्चों को उनके मूल अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। किसी भी व्यक्ति को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता है। निर्धन परिवार के बच्चों को अन्य बच्चों की तरह शिक्षा का सर्वोत्तम अवसर प्राप्त हो सके, यही शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य है। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाये जाने का औचित्य को समझाते हुए अपने आसपास के शाला त्यागी बच्चों को समझाईश देकर शाला में पुनः प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किए जाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर Fri, 10 September 2021 https://epaper.bhaskarhindi.com/c/63028393

# जिला जेल में बंदियों को दी नालसा के लीगल सर्विस एप की जानकारी



सम्मान | तान्या कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता, पुरुस्कार पाकर खिले उठे बच्चों के चेहरे

# अपने कार्य क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहकर कार्य करें: न्यायाधीश



पाटन। विधिक साक्षरता तहसील समिति पाटन के तत्वाधान में नगर के तान्या कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता की महत्ता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं व कक्षा 10 के मेधावी छात्रो को माननीय न्यायाधीश श्री विवेक कुमार (जिला न्यायाधीश) ने पुरस्कार व प्रमाण -पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। माननीय न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए स्त्री शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। बच्चों को प्रेरक कहानियां सुनाई और उन्होंने कहा कि आप जीवन में जो भी कार्य करे अपने कार्य क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहकर कार्य करना ही हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिये। उन्होंने बताया कि जीवन मे एक क्षण की श्रेष्ठता भी जीवन की महत्ता है। इस अवसर पर प्राचार्य सी एस ठाकुर, उप प्राचार्य सुजीत सिंह, सुश्री नेहा राय ( विधिक सहायता समिति), नीरज पटेल, अनिल पटेल, ब्रजेश विश्वकर्मा, जस्पाल सिंह, लता रैकवार, मनीषा ठाकुर , धनञ्जय प्यासी , राजश्री, जिज्ञासा शर्मा, प्रज्ञा के साथ स्कूल परिवार वा समस्त छात्र उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में साइकिल रैली के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



कटनी दैनिक मप्र। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश/ सचिव तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के दिशा निर्देशन में गतदिवस मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध में स्थापित विधिक साक्षरता क्लब का औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन के साथ ही पंच जा अभियान को अग्रसर करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने तथा स्वच्छता का संदेश प्रदान करने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में दिनेश कुमार नोटिया सचिव महोदय ने बच्चों को साइबरक्राइम, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण, किशोर न्याय बोर्ड, मोटर व्हीकल एक्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बालक बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विषयों को विभिन्न प्रकार के उदाहरणों के माध्यम से सरल भाषा में समझाया।

मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि बच्चों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अधिकार को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल में स्थापित विधिक साक्षरता क्लब विषय से संबंधित जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य संत बक्स तिवारी, शिक्षकगण चंद्रकांता दुबे, शिव गोविंद गौतम, ऐश्वर्य मिश्रा, मधु कोरी, विधिक प्रभारी उर्मिला श्रीवास सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम आयोजन | पॉक्सो एक्ट बच्चों को छेड़खानी, कुकर्म आदि गंभीर अपराध से सुरक्षा प्रदान करता है: न्यायाधीश अतलसिया

# विद्यालय में छात्रों को दी गई पॉक्सो एक्ट की जानकारी



# कोविड-19 के प्रभाव से दो साल तक घर में कैद बच्चों को अच्छा लगता है स्कूल खुलने के बाद का ऐसा माहौल



पत्रिका फोटो स्टोरी

न्यायाधीश दिनेश नोटिया ने बच्चों को साइबर क्राइम, पास्को एक्ट, किशोर न्याय के बारे में दी जानकारी

## पॉक्सो एक्ट बच्चों को छेड़खानी, कुकर्म आदि गंभीर अपराध से सुरक्षा प्रदान करता है - न्यायाधीश अतलसिया



खंडवा, (निप्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा द्वारा गुरूवार को मोतीलाल नेहरू शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय, खण्डवा में स्थापित विधिक साक्षरता क्लब का निरीक्षण एवं उक्त संस्थान में पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता आदि विषय पर छात्रों को जानकारी दी गई।

## अच्छी खबर : विधिक सेवा प्रचार-प्रसार में सहयोगी बनेंगे डाक विभाग के पोस्टमेन

मुख्य डाकघर में सूचना प्रदर्शन बोर्ड का अनावरण

भास्कर न्यूज़ | नरसिंहपुर

## निशुल्क विधिक सहायता दिलवाने में मदद करेंगे डाकघर

डाक विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरण की समन्वित योजना के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

## नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रचार-प्रसार में पोस्ट ऑफिस निभायेगा अहम भूमिका

## विधिक जागरूकता विषयांकित बैनर्स का अनावरण एवं प्रदर्शन

दैनिक एमपी एक्सप्रेस समाचार से विजय मिश्रा

Fri, 24 September 2021
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/63323972

## अब डाक विभाग के सहयोग से पात्र व्यक्ति को मिलेगी विधिक सहा

नि:शुल्क पहुंचा सकते हैं आवेदन

## प्रधान डाकघर पर लगाई विधिक जानकारी देने डिस्प्ले

स्वतंत्र समय, अशोकनगर।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवाओं की जागरूकता एवं विधिक सहायता योजनाओं को ग्राम स्तर पर पहुंचाने के लिए गांधी जयंती से बाल दिवस तक विशेष जागरूकता संपर्क एवं सहायता संबंधी कार्यक्रम आयोजित करेगा। मुख्य न्यायाधिपति रफीक मोहम्मद,न्यायाधिपति प्रकाश श्रीवास्तव जबलपुर द्वारा गुरुवार को ऑनलाईन यूट्यूब के माध्यम से विधिक सेवा प्रदान किये जाने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही म प्र राज्य में समस्त पोस्ट ऑफिस के माध्यम से विधिक सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु स्थानीय प्रधान डाकघर पर सूचनात्मक डिस्प्ले बोर्ड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सविता दुबे, अन्य न्यायाधीश गण, अधिकारी गण उपस्थित रहे।प्रधान डाकघर में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अधीन निम्न व्यक्ति विधिक सहायता सलाह के पात्र है पुलिस थानों में आपके अधिकार एवं एक गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकार मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 आदि योजनाओं के डिस्प्ले बोर्ड लगवाए गए।

## पोस्ट आफिस के माध्यम से विधिक सेवा प्रदान किये जाने हेतु पोस्टर एवं बैनर का

www.readwhere.com

Fri, 24 September 2021

## विधिक सहायता उपलब्ध कराने में डाक विभाग करेगा सहयोग

**हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनसामन्य को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक करने हेतु डाक विभाग के साथ सहभागिता की गई है। जिसके अनुसार समाज के पीड़ित एवं उपेक्षित वर्ग को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोस्ट ऑफिस के माध्यम से जागरूक एवं प्रेरित किया जायेगा । उक्त कार्यक्रम का शुभांरभ मप्र के मुख्य न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति व कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रकाश श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिती में विडियों कान्फेसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान योगेश दत्त, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रदीप राठौर, कु भावना साधौ, विशेष न्यायाधीश एवं राजेन्द्र कुमार दक्षणी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं पंकज जयसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट एवं सचेन्द्र भदकारिया, न्यायाधीश.एवं अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं डाक विभाग के उप संभागीय निरीक्षक श्रीराम गुप्ता एवं पोस्ट मास्टर डीएस मौर्य डाक विभाग के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021

## आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

राकेश बैरसिया पत्रकार/दैनिक भारतीय जनशक्ति

दैनिक भास्कर झाबुआ 24-09-2021

## पोस्ट ऑफिस पर योजनाओं से संबंधित फ्लैक्स लगा

कार्यक्रम

## न्यायालय में लगा मानसिक एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## अधिकांश लोगों में बढ़ी मिली शुगर की मात्रा

## डाकघर से भी मिलेगी विधिक सहायता

निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर

45 वाहनों के बनाए चालान

अनावरण

## डाक विभाग अब विधिक सेवा भी करेगा

## अच्छी खबर : विधिक सेवा प्रचार-प्रसार में सहयोगी बनेंगे डाक विभाग के पोस्टमेन

मुख्य डाकघर में सूचना प्रदर्शन बोर्ड का अनावरण

Fri, 24 September 2021
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/63323972

## मोबाइल एप के माध्यम से विधिक सहायता का आवेदन उपलब्ध करायेंगे पोस्टमैन

## पोस्ट आफिस के माध्यम से भी मिलेगी नि:शुल्क वि

भास्कर न्यूज़, मंडला

## शहडोल के मुख्य डाकघर में विधिक योजनाओं के फ्लेक्स बैनर का हुआ लोकार्पण

## अब डाकिया पहुंचायेंगे विधिक योजनाएं

दैनिक भास्कर राजगढ़ 24-09-2021

सुविधा का विधिक सेवा समिति अध्यक्ष ने वेबिनार से किया शुभारंभ

## विधिक सहायता के लिए अब पोस्ट ऑफिस से कर सकेंगे आवेदन

पोस्ट ऑफिस से विधिक सहायता के आवेदन के लिए हुआ शुभारंभ

Fri, 24 September 2021
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/63320884

## प्रदेश में पहली बार... नूतन कॉलेज में खुली लीगल एड क्लीनिक, यहां पर ढाई महीने के भीतर ही 25 से ज्यादा लड़कियां ले चुकी हैं कानूनी मदद

वंदना श्रोती | भोपाल

नूतन कॉलेज...प्रदेश का पहला कॉलेज है जहां लीगल एड क्लीनिक खुली है। इस क्लिनिक में ढाई माह में 25 से ज्यादा छात्राएं कानूनी सलाह ले चुकी हैं। इस क्लिनिक में जिला विधिक प्राधिकरण के माध्यम से दो एडवोकेट को नियुक्त किया गया है, जो विभिन्न यहां पर काउंसलिंग से नहीं सुलझने वाले प्रकरणों की फाइल तैयार कर कोर्ट में प्रकरण दर्ज कराएंगी ताकि स्टूडेंट को बिना कहीं भटके कानूनी सहायता मिल सकती हैं। इसकी कन्वेनर डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि जो लड़कियां कई तरह की परेशानी से जूझने के बाद भी अपनी समस्या किसी से नहीं कहती थी अब वे अपनी समस्या बेझिझक बता रही हैं।

### पहले पति पढ़ाई करने से रोकता था, अब वह खुद भी कर रहा है पढ़ाई

क्लीनिक की कन्वेनर डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि सबसे पहला केस एक नवविवाहिता का आया था। शादी के बाद वह जब पहली बार कॉलेज आई तो उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। इसके बाद उसकी काउंसलिंग की। उसने बताया कि माता-पिता की मौत हो चुकी थी। भाई ने ग्रेजुएशन पूरा होने के पहले शादी कर दी। शादी के 25 दिन बाद पति ने पढ़ाई छोड़ने पर दबाव बनाया। पति का कहना न मानने पर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद स्टूडेंट से नंबर लेकर पति को बुलाया। उसकी काउंसलिंग की। इसके बाद पति को समझाया गया। इसके बाद पति ने भी पत्नी के साथ पढ़ाई शुरू कर दी है। अब वह नौकरी के साथ पढ़ाई कर रहा है। इसके अलावा इस क्लीनिक में कॉलेज में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने भी अपनी समस्या रखी। पति की मौत के बाद उसके वह अपनी बेटी के साथ अलग मायके में रह रही है। उसके ससुराल वालों ने पति का हिस्सा देने से इंकार कर दिया। कानून की जानकारी के अभाव में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। महिला कर्मचारी की समस्या सुनने के बाद उसे उसका हक दिलाने के लिए प्रकरण तैयार किया गया है। उस प्रकरण को कोर्ट में प्राधिकरण के माध्यम से रखा जा रहा है।

**यह भी फायदा**

### सोशल साइंस की स्टूडेंट की इंटर्नशीप भी यहीं हो रही

डॉ. शर्मा ने बताया कि इस क्लिनिक के शुरू होने कॉलेज की मनोविज्ञान विभाग और सोशल साइंस की स्टूडेंट को इंटर्नशिप के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। उनको यहां पर आने वाले प्रकरणों में काउंसलिंग के अवसर मिलेंगे साथ ही जिला विधिक प्राधिकरण का सहयोग भी। ये स्टूडेंट कोर्ट में लोक अदालत में होने वाली काउंसलिंग को देख और समझ पा रही हैं। इस क्लीनिक में अब तक 25 स्टूडेंट ने कानूनी जानकारी ली।

### यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो दूसरे कॉलेजों में भी खोलेंगे

*जिला विधिक प्राधिकरण ने नूतन कॉलेज में लीगल एड क्लीनिक शुरू किया है। यह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो भोपाल के सभी कॉलेज में ये क्लीनिक खोले जाएंगे ताकि स... अपने कानून और अधिकारों... समझ सकें। कानूनी सहायता... उसकी जानकारी स्टूडेंट को ... होना चाहिए।*

-एसपीएल बुंदेला, सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण भोपाल

दैनिक भास्कर राजगढ़ 12-09-2021

नेशनल लोक अदालत • जिले में 25 खंडपीठों में हुई सुनवाई, लंबित मामले सुलझाए

## वृद्ध दंपती को मिलाया, पानिया गांव का अतिक्रमण हटा, ग्रामीणों और प्रशासन के बीच कराई सुलह

# साक्षरता शिविर आयोजित कर किया जेल निरीक्षण



**हरदा।** जिला जेल में कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन सोशल डिस्टेसिंग अपनाते हुए विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल निरीक्षण किया गया। मा योगेश दत्त शुक्ल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिती में तथा मा प्रदीप राठौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में श्री शुक्ल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सभी विचाराधीन बंदियों से उन्हें प्राप्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी लेकर जेल का निरीक्षण किया। बंदियो को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में तथा जेल बंदियो को प्लीबारगेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। उक्त शिविर मे जेल अधीक्षक एसएम रावत व जेल प्रहरी मोहम्मद हारून कुरैशी, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

---

**शिविर** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल की पहल

# बंदियों को दी विधिक जानकारी

ताप्ती दर्शन, **बैतूल**



जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अफसर जावेद खान के मार्गदर्शन में मंगलवार को विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा आज जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने के साथ ही जेल निरीक्षण भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश दीपिका मालवीय, विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया और सहायक राजेश डेहरिया द्वारा जिला जेल अधीक्षक योगेंद्र पंवार की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जेल निरीक्षण किया। शिविर के दौरान बंदियों को उनके अधिकारों व विधिक सेवा प्राधिकरण से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सभी बंदियों से उनके मामलों में अधिवक्ता नियुक्ति एवं मुलाकात के बारे में भी पूछा गया। बंदियों की समस्याएं भी इस दौरान वार्ड का निरीक्षण किया गया और उनके स्वास्थ्य, साफ-सफाई एवं भोजन इत्यादि के संबंध में पूछा गया। इसी क्रम में जिला जेल के रसोई घर एवं भंडार गृह का निरीक्षण भी किया गया। उक्त जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर के दौरान जेल अधीक्षक योगेंद्र पंवार एवं अन्य जेल स्टाफ

---



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**खंडवा.** जिला जेल में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश एलडी बौरासी, सचिव हरिओम अतलसिया व मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट राकेश पाटीदार व जेल अधीक्षक ललित दीक्षित की उपस्थिति में जेल का निरीक्षण और विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पुरूष बंदियो व महिला बंदियों की बैरक में बंदियों से पृथक-पृथक चर्चा कर उनके प्रकरण के संबंध में जानकारी लेकर, विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। जेल में रसोई कक्ष, व बंदियों के बैरक कक्ष आदि का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक ललित दीक्षित व अन्य स्टाफ को कोरोना महामारी के बचाव के संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाने व जेल के अन्दर पर्याप्त साफ-सफाई, स्वच्छ भोजन, स्वच्छ जल एवं जेल में सेनेटाइजर का छिड़काव किये जाने, नियमित रूप से समय-समय पर बंदियों के हाथ धुलवाये जाने तथा चेहरे पर मॉस्क का उपयोग करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

---

# Legal literacy camp held at Central Jail

■ Staff Reporter



DLSA Secretary Manish Singh Thakur interacting with an inmate during legal literacy camp.

TO ENSURE benefits of inmates, a legal literacy camp was organised at Netaji Subhash Chandra Bose Central Jail strictly following COVID-19 protocols, on Thursday.

The camp was organised following the directives issued by the President, District Legal Service Authority in presence of Secretary, District Legal Service Authority (DLSA), Manish Singh Thakur and District Legal Aid Officer, Mohammed Jilani.

Secretary, DLSA, Manish Singh Thakur shared the objectives behind Legal Literacy Camp and rights of inmates being imprisoned in the jail. He also discussed about redressal of problems face by the inmates in attending appearance through video-conferencing. District Legal Aid Officer, Jilani informed about free legal aid and redressal and appeal in the issues concerned with plea bargaining process.

Law Officer Ashok Singh gave various details about legal aids and counseling provided to the inmates imprisoned in the jail during last one month and other services provided by the panel advocates appointed through LSA. Deputy Superintendent, Central Jail, R P Mishra informed about appearance of inmates in front of the Court through video conferencing.

Secretary, DLSA, Thakur later listened to the grievances of the inmates. The camp was anchored by Assistant Superintendent, Central Jail, Rakesh Mohan Upadhayay. Others who were present on the occasion include Jail Medical Officer Dr Laxman Shah, Senior Probation and Welfare Officer and other officers and employees of Jabalpur Central Jail and para-legal volunteers.

---

दैनिक भास्कर खरगोन 03-09-2021

# शिविर : बंदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

मंडलेश्वर | मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में सब जेल में विधिक साक्षरता शिविर लगाया। जिला न्यायाधीश व सचिव विकासचंद्र मिश्र ने शिविर में बंदियों से अपील संबंधी प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. कमल जाधव व उनकी टीम ने किया।

---

# महिला बंदियों को किया उपयोगी सामग्री का वितरण

## केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

जागरण, रीवा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.सी. वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में तथा विपिन कुमार लवानिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशों के द्वारा केन्द्रीय जेल का निरीक्षण भी किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विपिन कुमार लवानिया, अपर जिला न्यायाधीश उपेन्द्र देशवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा एवं समाज सेविका श्रीमति सीमा शर्मा उपस्थित रही। इस दौरान समाज सेविका सीमा शर्मा के द्वारा केन्द्रीय जेल रीवा की महिला बंदियों को महिलाओं से संबंधित उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान विपिन कुमार लवानिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपेन्द्र देशवाल के द्वारा केन्द्रीय जेल के सभी बैरकों, महिला सेल का निरीक्षण किया गया व जेल में बंदियों को प्राप्त होने वाली मूलभूत सुविधाओं , आहार, चिकित्सा इत्यादि के संबंध में निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीशों के द्वारा बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने प्रि बारगेनिंग व निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

---

# ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर में दिया मार्गदर्शन

देवास। प्रधान जिला न्यायाधीश प्रभात कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर निगम व सामाजिक न्याय विभाग देवास के समन्वय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर में जिले की नगर निगम सीमा क्षेत्र में निवासरत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया।

शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निहारिका सिंह ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को उनके अधिकारों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी व उनके ट्रांसजेंडर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाने के संबंध में जागरूक किया। शिविर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र, निःशुल्क राशन के लिए राशन पात्रता पर्ची का वितरण कर उनके अधिकारों से जागरूक करने के लिए ट्रांसजेंडर एक्ट की छायाप्रति भी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों व नालसा तथा सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे वितरित किए गए। शिविर में ट्रांसजेंडर समुदाय से सोनिया कुंवर, जया कुंवर, उषा कुंवर, रवीना कुंवर व समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगर निगम राघवेंद्र सेन, सामाजिक न्याय विभाग से जायसवाल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।



---

# नशे से दूर रहने व साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन





जागरण, रीवा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आर सी वार्ष्णेय के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विपिन कुमार लवानिया के नेतृत्व में साईनांजलि समिति द्वारा संचालित विद्याशिल्प एकेडमी में नालसा बालकों हेतु विधिक सेवा योजना के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विपिन कुमार लवानिया ने कहा कि बालक देश की धरोहर हैं और कल के भारत की बागडोर उन्हीं के हाथों में होगी, इसलिए उन्हें उच्च स्तर की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा प्राप्त होनी आवश्यक है ताकि उनका चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी देते हुए उनसे दूर रहने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने पॉक्सो अधिनियम पर जानकारी देते हुए कहा कि समाज में बच्चों के साथ बहुत ही वीभत्स्य घटनाएं देखने में आ रही हैं जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम आयु के बालक व बालिका के साथ छेड़छाड़ या यौन अपराध की घटनाएं घटती है तो उसके लिए पॉक्सो अधिनियम में कड़ी कार्यवाहियों के प्रावधान किए गए हैं। शिविर से बालकों में कानून के बारें में एक जागरूकता उत्पन्न हुई है आगे चलकर यह जानकारियां भविष्य में काम आएगीं। इसके साथ ही उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के बारें में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा ने नालसा,सालसा की योजना, विधिक सेवा मोबाइल ऐप और निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारें में जानकारी देते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को विधिक सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई है। उन्होने कहा कि बालकों के साथ यदि कोई अन्याय होता है तो उन्हें भी निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है। विद्याशिल्प एकेडम्मी के संचालिका अनुराधा श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया तथा संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

---

दैनिक भास्कर श्योपुर भास्कर 22-09-2021

# ...धिक साक्षरता शिविर में आदिवासियों ...ो दी उनके अधिकारों की जानकारी

...। अमृत महोत्सव के ...कालीतलाई में ...जित किया शिविर

...ास्कर संवाददाता | कराहल



विधिक साक्षरता शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण।

...अमृत महोत्सव कार्यक्रम के ...आदिवासी समुदाय तक न्याय ...ुंच को सुनिश्चित करने के ...म कालीतलाई में मंगलवार को ... साक्षरता शिविर लगाया गया ...ामीणों को न्याय पाने के प्रति ... किया गया।

...क साक्षरता शिविर में जिला ...श और जिला विधिक सेवा ... के अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। ... कर सकते हैं साथ ही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं ...ार से ... ग्राम ... सुरेश ... हे।

---

बुन्देलखण्ड बुलेटिन। दतिया। म.प्र.। राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार एवं अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश रावत के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया द्वारा बृद्धाश्रम बाल प्रगति शिक्षण संस्थान दतिया में बढ्ढो के अधिकारों के विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सुश्री स्वाति गोयल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 दतिया द्वारा बताया गया कि बढ्ढो को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होना अतिआवश्यक है।बढ्ढो को अनेक प्रकार के अधिकार प्राप्त है। जैसे--अपने बच्चों से भरण-पोषण लेने का अधिकार प्राप्त है।बैंक में अलग से लाइन में लगने का अधिकार,रेलवे में टिकिट पर छूट दी जाती है,पेंशन योजना का लाभ लेने का अधिकार आदि।बढ्ढो को ऐसे तमाम अधिकार प्राप्त है।आज तमाम कानूनों और प्रावधानों के बावजूद भारत में बढ्ढो की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं आया है।इसकी एक बड़ी वजह है,उनका अपने अधिकारों के प्रति जागरूक ना होना है।संविधान से लेकर सरकार और वक्त-वक्त पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं





उच्च न्यायालय द्वारा भी बढ्ढो को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए कई कानून नियम बनाए गए हैं।साथ मे महिलाओं के अधिकारों के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को सुरक्षित रखने से लेकर आर्थिक और सामाजिक तौर पर ज्यादा मजबूत बनाने के लिए भी उन्हें कई अधिकार दिए गए हैं। जैसे-- किसी भी थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करा सकती है,पीड़ित महिलाएं।महिलाओं को पुरुषों के बराबर मेहनताना पाने का अधिकार। बेटी को मिलता है पैत्रिक संपति में बेटे के बराबर का अधिकार आदि। न्यायधीश महोदय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पिता की संपति पर बेटी का भी उतना ही हक है जितना कि बेटे का,हिंदू उत्तराधिकारी संशोधन अधिनियम 2005 के वक्त चाहे बेटी के पिता जिंदा रहे हो या नहीं।बेटी को हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली में बेटे के बराबर संपति का अधिकार मिलेगा। विधिक साक्षरता शिविर का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री सुदीप तिवारी संचालक बृद्धाश्रम दतिया द्वारा किया गया। उक्त शिविर में सुश्री अंकिता शांडिल्य जिला विधिक सहायता अधिकारी दतिया, सत्येन्द्र दिसोरिया (पीएलव्ही) सुधांशु तिवारी सहित उपस्थित रहे।

पीताम्बरा प्रिंटिंग प्रेस विजय कुशवाहा व बतेरे कुशवाहा की भूमि पर बाहर उन्नाव गेट सरकारी टयूब वैल के पास आहल कोतवाली से मुद्रित करा कर।27 बुन्देला

---





# आज कल कई संतान निष्ठुर व कर्तव्यहीन होती जा रही है जिसका परिणाम परिवार के बुजुर्ग व्यक्तियों को भोगना पड़ रहा है : न्यायाधीश

## श्री दादाजी वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

खण्डवा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा द्वारा सोमवार को श्री दादाजी वृद्धाश्रम रामनगर खण्डवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा के प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री एल.डी. बौरासी के मार्गदर्शन में व अपर जिला न्यायाधीश/सचिव हरिओम अतलसिया की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई के समन्वय से विधिक जागरूकता एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर अपर जिला न्यायाधीश हरिओम अतलसिया द्वारा बताया गया कि परिवार के वृद्धजन अनुभवों का वह खजाना है जो हमें जीवन पथ के कठिन मोड़ पर उचित मार्गदर्शन प्रदान करते है। किन्तु वर्तमान समय में आधुनिक जीवन शैली, पीढ़ियों में अन्तर, आर्थिक पहलू, विचारों में भिन्नता आदि के कारण आजकल कई संतान निष्ठुर व कर्तव्यहीन होती जा रही है जिसका परिणाम परिवार के बुजुर्ग व्यक्तियों को भोगना पड़ रहा है।

वृद्धजन के अधिकार व भरण पोषण की कानूनी जानकारी दी गई: इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बताया कि घर का बुजुर्ग व्यक्ति घर का मुखिया होता है तथा इस कारण वह अपने बच्चों, बहुओं और बेटे बेटी को कोई गलत कार्य या बात करते हुए देखते तो बुजुर्ग व्यक्ति उक्त संबंध में जब परिवार के सदस्य को समझाते है तो परिवार के सदस्य इस बात का विरोध करने लगते इसके चलते भी कई परिवार में वृद्धजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारीगण द्वारा शिविर के दौरान नालसा की वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में योजना व वृद्धजन के अधिकार, भरण पोषण, व अन्य कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर उनके द्वारा वृद्धाश्रम का निरीक्षण भी किया गया। इस कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के मैनेजर श्रीमती नंदिनी अत्रे, योग प्रशिक्षक ज्ञानेश्वर अत्रे सहित वृद्धजन उपस्थित थे।

---

# गरीबों को निःशुल्क विधिक सहायता मिलना आवश्यकः न्यायाधीश

दतिया, ब्यूरो

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार बड़ौनी तहसील के ग्राम मरोड़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



*विधिक सहायता शिविर में जानकारी देते अपर जिला न्यायाधीश।*

इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश ऋतुराज सिंह चौहान ने कहा कि गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता मिलना आवश्यक है। ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को कानूनी मदद दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संकलिप्त है। कोई भी व्यक्ति कानूनी ज्ञान से वंचित न रहे, इसलिए हम समय-समय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित करते हैं। यदि किसी व्यक्ति के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर संपर्क कर सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभी को शासकीय अधिवक्ता निःशुल्क उपलब्ध कराएगी। उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनी और उनके अधिकारों के बारे में भी बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश रावत ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन देकर अपनी समस्या का निराकरण करवा सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति, महिलाएं, बच्चे, बाढ़ या आपदाओं के शिकार लोग एवं जिनकी आय दो लाख से कम है वह प्राधिकरण से विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुनील त्यागी ने किया।

---

...धिकरण के निर्देश पर 2 अक्टूबर से 14 ...

# ...त महोत्सव के अन्त...



## ...महिलाओं ने भी आगे बढ़कर किया रक्तदा...



---

# जन उपयोगी लोक अदालत के माध्यम से जन सामान्य को मिली शीघ्र राहत

आजाद नायक

इन्दौर। जिला न्यायालय इन्दौर में लोक उपयोगी सेवाओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु जन सामान्य को त्वरित न्याय मिलने के कारण जिला न्यायालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाली लोक उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत में पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा त्वरित गति से मामलें प्रस्तुत किये जाने लगे हैं। आवेदक जितेन्द्र निवासी- निरंजनपुर रविदास कॉलोनी, 790 देवास नाका इंदौर ने को इस आशय का आवेदन पेश किया कि उसके निवास क्षेत्र की ड्रेनेज लाईन विगत एक माह से अवरूद्ध है और गंदा पानी क्षेत्र में फैल रहा है और बदबू के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। जिस पर लोक उपयोगी लोक अदालत ने अनावेदक नगर निगम को नोटिस जारी कर तलब किया गया और प्रश्नगत स्थान की उपरोक्त समस्या का समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर नगर निगम द्वारा प्रश्नगत स्थान पर ड्रेनेज लाईन की सफाई कर जहाँ आवश्यक हुआ, वहाँ पाईप बदलकर नये चैम्बर डालकर सुधार करते हुए साफ सफाई की गई। इसी प्रकार आवेदक हबीबउल्लाह खाँ निवासी- 164/2, जूना रिसाला इंदौर ने को इस आशय का आवेदन पेश किया कि उसके निवास स्थान में नल कनेक्शन नहीं होने के बाद भी नगर निगम द्वारा उसके नाम पर अभिलेखों में 48,888/- रूपये बाकी दर्शाया जा रहा है। आवेदक द्वारा नगर निगम में उक्त संबंध में जन सुनवाई में आवेदन दिया, परन्तु आवेदक की सुनवाई नहीं हुई। जिससे परेशान होकर आवेदक द्वारा लोक उपयोगी सेवाओं की जिला न्यायालय स्थित अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर अनावेदक नगर निगम को नोटिस जारी कर उक्त समस्या का समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर अनावेदक नगर निगम द्वारा जाँच कर आवेदक के निवास स्थान पर नल कनेक्शन से जल प्रदाय नहीं किये जाने के आधार पर आवेदक के नाम दर्शित नल कनेक्शन खाते में दर्शित 48,888/- रूपये का बिल नल कनेक्शन नहीं इस प्रकार उक्त दोनों ही प्रकरणों में आवेदकों को लोक उपयोगी लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र राहत प्राप्त हुई। जन उपयोगी लोक अदालत द्वारा अभी तक अनेक प्रकरणों में आदेश करते हुए आवागमन की सार्वजनिक सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता, नाली, जल सेवा से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा चुका है। इन्दौर शहर वासियों को यदि सड़क, जल, मल, विद्युत, प्रकाश, स्वच्छता, नाली, सड़क परिवहन सेवा, अस्पताल या डिस्पेंशरी सेवा से संबंधित कोई शिकायत या परेशानी हो तो ऐसे सभी व्यक्ति धन राशि खर्च किये बिना अपना शिकायत आवेदन जिला न्यायालय में स्थित विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। जन उपयोगी लोक अदालत प्रत्येक शुक्रवार को जिला न्यायालय के कक्ष क्रमांक 28/1 में आयोजित की जाती है।